कृषि विज्ञान केन्द्र उमरिया में प्रधानमंत्री कृषक सम्मान निधि कार्यक्रम का सीधा प्रसारण

कृषि विज्ञान केन्द्र उमरिया के तत्वावधान में एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक एंव प्रमुख डॉ. के.पी.तिवारी के निर्देशन मे प्रधानमंत्री कृषक सम्मान निधि कार्यक्रम का सीधा प्रसारण बॉधवगढ विधान सभा के विधायक श्री शिवनारायण सिंह के मुख्य आतिथ्य एवं श्री मिथलेश पयासी जिला पंचायत सदस्य की अध्यक्षता मे किया गया। उपरोक्त अवसर पर श्री शिवनारायण जी ने कृषि विज्ञान केन्द्र मे जैविक उत्पादक प्रशिक्षण एवं वर्मीकम्पोस्ट उत्पादक प्रशिक्षण जैसे –कौशल विकास प्रशिक्षण के माध्यम से युवाओं को आत्म निर्भर बनाने की पहल को सराहनीय बताया वहीं जिला पंचायत सदस्य श्री मिथलेश पयासी जी ने प्रधानमंत्री कृषक सम्मान निधि कार्यक्रम को लघु एवं सीमान्त कृषकों के लिए एक वरदान बताया एवं कहा कि परिवर्तन के दौर में पारंपरिक फसलों की खेती के साथ–साथ नई फसलों के उत्पादन को बढाकर क्षेत्र के किसान अपनी आमदनी में वृद्धि कर सकते है। उक्त अवसर पर अतिथियों द्वारा कृषि विज्ञान केन्द्र में शिमला मिर्च, टमाटर, वर्मी कल्चर यूनिट एंव किनोवा की फसल का अवलोकन किया गया एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के कार्यो की सराहना की। कार्यक्रम में जिले के जनप्रतिनिधियों के साथ कुल 265 कृषक एवं कृषक महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में कृषि विज्ञान केन्द्र के डॉ नम्रता जैन, डॉ विनीता सिंह, डॉ आर.आर. सिंह, श्री अरूण रजक श्री संदीप चौरसिया एवं कृषक मित्र श्री अनुराग शुक्ला एवं रामकिंकर पाण्डेय का योगदान रहा।